www.bankofbaroda.co.in

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

प्रधान कार्यालय: माण्डवी, वड़ोदरा 390 006
कार्पोरेट कार्यालय: बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर, सी–26, "जी" ब्लॉक,
बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा(पूर्व), मुंबई – 400051

निर्दिष्ट/अंतिम तारीख की नोटिस (दो शेयरधारक निदेशकों के चुनाव के संबंध में)

केंद्र सरकार के अलावा शेयरधारकों में से दो शेयरधारक निदेशकों के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है, जिनके पद दिनांक 24 दिसंबर, 2017 से रिक्त हो रहे हैं.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा सामान्य (शेयर और बैठक) विनियमन 1998 यथा संशोधित (विनियमन) के विनियमन 12 और अन्य लागू नियमों/विनियमनों के अनुपालन में एतद्द्वारा यह नोटिस दिया जाता है कि शेयरधारकों की सूची के निर्धारण के उद्देश्य से **शुक्रवार, 24 नवंबर, 2017** को **निर्दिष्ट/अंतिम तारीख** के रूप में निर्धारित किया गया है जो बैंक ऑफ़ बड़ौदा के **दो** निदेशकों के चुनाव में सहभागिता (अर्थात नामांकन, चुनाव लड़ने और वोट) हेतु पात्र होंगे और जो केंद्र सरकार के अलावा शेयरधारकों द्वारा अपने में से चुने जाएगें. यह चुनाव धारा 9(3)(i) बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 के अनुपालन में 22 दिसंबर, 2017 को प्रात:10.00 बजे वड़ोदरा (गुजरात) में आयोजित बैंक के शेयरधारकों की असाधारण सामान्य बैठक में आयोजित किया जाएगा. इसके अलावा यह भी सूचित किया जाता है कि विनियमन के विनियम 65 (ii) के अनुपालन में नामांकन फॉर्म आदि प्रस्तुत करने की **अंतिम तारीख गुरूवार, 7 दिसंबर, 2017** होगी.

चुनाव हेतु संबंधित फॉर्मों के साथ बैठक के लिए नोटिस यथासमय जारी किया जाएगा और बैंक की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा.

कृते बैंक ऑफ़ बड़ौदा

स्थान: मुंबई
दिनांक: 30 अक्टूबर, 2017

एम.एल. जैन, महाप्रबंधक
बोर्ड सचिव एवं कंपनी सचिव